आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

कार्यक्रम प्रतिवेदन – 2021

//प्रतिवेदन//

"उद्योग इंडस्ट्री इंस्टिट्यूट इंटरफेस"

——0——

दिनांक 03 सितंबर, 2021 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा **"उद्योग इंडस्ट्री इंस्टिट्यूट इंटरफेस"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को रोजगार उन्मुख उवं उद्यमी बनाने हेतु इस क्षेत्र के उत्कृष्ट व्यवसायियों एवं उद्यमियों से सुझाव प्राप्त करना था। इस कार्यक्रम के दौरान उद्यमी एवं व्यवसाय जगत के उत्कृष्ट लोगों से अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में उनकी अपेक्षाओं के संदर्भ में जानकारी ली गई। इस बैठक के निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि सभी छात्र–छात्राओं को डिग्री के साथ कौशल विकास एवं संप्रेषण क्षमता को उभारने हेतु गुणवत्तापूर्ण अभ्यास की आवश्यकता है। श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने कहा कि अध्ययन के साथ–साथ प्रशिक्षण भी रोजगार उन्मुख होने के लिए अत्यंत आवश्यक है। श्री अनिल सलूजा जी ने कहा कि विद्यार्थियों में नीति, नियम एवं नियत निहित होना चाहिए। डॉ. अजय श्रीवास्तव जी ने कहा कि कौशल विकास हेतु उद्योग एवं व्यवसाय में छात्र–छात्राओं को आवश्यक रूप से प्रशिक्षण लेना चाहिए। श्री दुआ जी ने कहा कि कम्प्यूटर में नए सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण छात्र–छात्राओं को दिया जाना चाहिए जो उनके कौशल विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। श्री हरीश केडिया जी ने कहा कि उद्योग एवं व्यवसाय क्षेत्र के द्वारा विश्वविद्यालय को गुणवत्तापूर्ण, रोजगार उन्मुख एवं उद्यमिता विकास के लिए सदैव सहभागिता प्रदाय की जावेगी।

आपका हार्दिक स्वागत करता है।